हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 26 दिसंबर 2025

11 अंडरग्राउंड नालियां जाम होने से सड़क पर दूषित जल



12 कवियों ने किया वाजपेयी और साहिबजादों को नमन



## खबर संक्षेप

### रोड सेफ्टी प्रतियोगिता का फाइनल राउंड आज

**बहादुरगढ़।** सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से शुक्रवार को आईडीटीआर सेंटर बहादुरगढ़ में रोड सेफ्टी क्विज प्रतियोगिता के फाइनल राउंड का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में जिले के सरकारी और निजी स्कूलों के करीब 350 विद्यार्थी भाग लेंगे। यातायात प्रबंधक निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि इस पहल का मकसद बच्चों को कम उम्र से ही यातायात नियमों के प्रति सजग बनाना है ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। प्रतियोगिता के दौरान हेलमेट और सीट बेल्ट का महत्व, ट्रैफिक सिग्नल, सड़क संकेत और सुरक्षित ड्राइविंग जैसे विषयों पर विद्यार्थियों की जानकारी परखी जाएगी।

### फंदे पर लटका मिला युवक का शव

**बहादुरगढ़।** लाइनपार के छोटूराम नगर में एक प्रवासी युवक का शव फंदे पर लटका मिला। युवक द्वारा आत्महत्या करने की बात सामने आई है। इसकी वजह अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान करीब 25 वर्षीय रितेश के रूप में हुई है। रितेश मूलतः बिहार के बेगूसराय जिले से था। पिछले कुछ समय से यहां छोटूराम नगर में रहता था। वीरवार की सुबह वह कमरे में फंदे पर लटकता हुआ मिला। परिजनों ने देखा तो संभाला लेकिन देर हो चुकी थी। सूचना पाकर लाइनपार थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

### 105 ग्राम चरस सहित युवक किया काबू

**बहादुरगढ़।** पुलिस की अपराध जांच शाखा-2 ने चरस सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आसौदा थाने में केस दर्ज किया गया है। सीआईए टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी को हाइवे पर रोहद मोड़ के पास से काबू किया। राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी लेने पर उसके पास 105 ग्राम चरस मिली। आरोपी सोनू सोनीपत जिले से है और फिलहाल यहां रोहद की कॉलोनी में रहता है।

### सोलर पंप लगवाने को आवेदन 29 दिसंबर तक

**झज्जर।** एडीसी जगनिवास ने बताया कि नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग, हरियाणा द्वारा प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान योजना के अंतर्गत किसानों को सोलर पंप उपलब्ध करवाने के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। सरलहरयाणा.जीओवी.इन पर किसान आगामी 29 दिसंबर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। किसान 75 प्रतिशत अनुदान पर 3 एचपी से 10 एचपी क्षमता के सोलर पंप के लिए आवेदन कर सकते हैं। योजना का उद्देश्य किसानों को ऊर्जा के वैकल्पिक एवं पर्यावरण अनुकूल स्त्रोत उपलब्ध करवाकर सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना है।

## कर्मियों ने नगर परिषद व अस्पताल प्रशासन से लगाई गुहार

# नागरिक अस्पताल में बंदरों का उत्पात, लोगों को काट रहे

- केमिस्ट शॉप पर सो रहे संचालक और अस्पताल कर्मचारी के पिता को बंदरों ने काटकर किया घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

**व्यवस्था पर घाव**

शहर में बंदरों का उत्पात जारी है। स्थानीय नागरिक अस्पताल परिसर में हाल ही में उत्पाती बंदरों द्वारा कई लोगों को निशाना बनाया गया है। अस्पताल परिसर में केमिस्ट शॉप चलाने वाले एक दुकानदार को सोते समय काट खाया। वहीं, अस्पताल के रिहायशी क्षेत्र में एक स्वास्थ्यकर्मी के पिता पर भी हमला किया गया है।

बंदरों की इस समस्या से निजात दिलाने के लिए अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा अस्पताल प्रशासन व नगर परिषद अधिकारियों को सूचित करते हुए समस्या के समाधान की मांग की है। दी गई शिकायत में अस्पताल कैंपस के निवासियों द्वारा कहा गया है कि बंदरों के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बंदरों ने जहां कई लोगों को काट लिया है वहीं घरेलू सामान का भी नुकसान हो रहा है। कैंपस में रहने वाले लोगों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए।



झज्जर। बंदर के काटे जाने से घायल हुआ सुमित का हाथ।

केमिस्ट शॉप संचालक कर्मबीर ने बताया कि उसका साथी भिवानी जिला निवासी सुमित जब केमिस्ट शॉप पर सोया हुआ था तो मंगलवार की देर रात करीब 11 बजे एक बंदर दुकान के अंदर घुस आया और उसने सोते हुए सुमित पर हमला कर दिया। जब उसके साथी ने बचाव के लिए हाथ आगे बढ़ाए तो बंदर ने उसकी हथेली पर काट खाया। हथेली खून से लहूलुहान हो गई।

### अभी तक 80 बंदर पकड़े : आनंद मलिक

नगर परिषद के सेनेटरी इंस्पेक्टर आनंद मलिक ने बताया कि बंदर पकड़ो अभियान निरंतर जारी है। अभी तक 80 बंदरों को पकड़ा जा चुका है। प्रयास है कि जल्द ही शहर के सभी क्षेत्रों से बंदरों को पकड़ लिया जाएगा।

## महाराजा सूरजमल के नाम से किया चौक का नामकरण



झज्जर। शहर के झज्जर बहादुरगढ़ मार्ग पर महाराजा सूरजमल के बलिदान दिवस पर उनके नाम से चौक का नामकरण किया गया। आचार्य विजयपाल ने हवन करवाया। इसमें शहर के प्रबुद्धजनों ने भाग लेते हुए हवन में आहुति डाली और महाराजा सूरजमल को नमन किया। इस अवसर पर नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी, नगर पार्षद दिनेश छिकारा, नगर पार्षद जयपाल सिंह बांगड़, नगर पार्षद यशपाल, नीटी गहलावत, नगर पार्षद दिनेश यादव, मुकेश यादव, नगर पार्षद किशोर सैनी, जयसिंह, नवीन छाबड़ा, योगेश सिलानी, अनूप गहलावत सहित अन्य भी मौजूद रहे।

## शहीद के पिता ने किया ई-लाइब्रेरी का उद्घाटन

सुशासन दिवस के अवसर पर गांव सिद्दीपुर में आयोजन, शहीद सुजीत कुमार के पिता पंडित जयभगवान ने युवाओं को किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

सुशासन दिवस के अवसर पर गांव सिद्दीपुर में ई-लाइब्रेरी का शुभारंभ किया गया। ई-लाइब्रेरी का उद्घाटन शहीद सुजीत कुमार के पिता पंडित जयभगवान ने किया। कार्यक्रम में सोनू वत्स, नरेश, सतबीर मान, सोनू, प्रेम, राजवीर मान, कंवर, जगदीश, राधे, मास्टर सतबीर, राजू, पूजा पंच, सूरजभान, रोहताश, ओमप्रकाश, अजीत सिंह और रामकिशन आदि उपस्थित रहे।उनके अनुसार ई-लाइब्रेरी से बच्चों को पढ़ाई में मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा कि आधुनिक लाइब्रेरी में बैठकर बच्चे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी सही तरीके से कर सकेंगे और अपने मां-बाप के साथ साथ गांव का भी नाम रोशन करेंगे। शहीद के पिता पंडित जयभगवान ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि युवा कामयाब होकर समाजसेवा के लिए भी अग्रणी रहें। अपने देश और समाज के सकारात्मक निर्णय में भूमिका निभाएं।

## गोसेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष बने दिनेश

**बहादुरगढ़।** एक महीने पहले राष्ट्रीय गोरक्षा वाहिनी गोसेवा संघ के हरियाणा प्रदेश उपाध्यक्ष बने दिनेश शेखावत को अब प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। साथ ही उन्हें राजस्थान का सह-प्रभारी भी मनोनीत किया गया है।



बहादुरगढ़। दिनेश शेखावत।

उनके द्वारा अल्प समय में किए गए कार्यों और गो रक्षा के प्रति निष्ठा को देखते हुए संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक इंद्रेश कुमार, राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव सिंह सेंगर, स्वतंत्र प्रभारी विक्रमादित्य सिंह जूदेव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रिंस जैन की सहमति से यह नियुक्ति की गई है। शेखावत ने दोहराया कि वे संगठन के भरोसे पर खरा उतरेंगे। गोवंश की सुरक्षा और गो सेवा के संकल्प को साकार करेंगे।

## कार शोरूम में लूटपाट के इनामी लुटेरे काबू

- एमपी और आंध्रप्रदेश से किया गिरफ्तार, अदालत के आदेश पर जेल भेजा, एक आरोपी अभी फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

एमआईई स्थित मारुति शोरूम में हुई लूटपाट के मामले में एसटीएफ बहादुरगढ़ ने पांच हजार के दो इनामी लुटेरों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद आरोपी जेल भेज दिए गए हैं। मामले में अब तक छह गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। फरार चल रहे एक अन्य आरोपी की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है।

गत 26 मई की रात को यह वारदात हुई थी। आधा दर्जन से अधिक बदमाश हथियार के बल पर शोरूम में घुसे और तोड़फोड़ की। इतना ही नहीं, गार्ड को पिस्तौल के बल पर लेकर बदमाश कैश से भरी तिजोरी उठा ले गए थे। तिजोरी में सात लाख 36 हजार 173 रुपये, गाड़ियों की चाबी व दस्तावेज थे। शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू हुई। एसटीएफ बहादुरगढ़ के इंचार्ज राकेश कुमार ने बताया कि मामले में पहले महाराष्ट्र के निवासी लाडु श्याम तथा एमपी के विजय, राहुल व राकेश चौहान की गिरफ्तारी हो चुकी थी। उस दौरान पूछताछ में लाडुश्याम ने मध्य प्रदेश के निवासी संतोष, कान्हा तथा गुजरात के कर्ण का नाम उगला था।

फरार चल रहे इन तीन आरोपियों पर पांच-पांच हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए डीएसपी नरेश कुमार के नेतृत्व में टीम ने सफलता हासिल की है। गुप्त सूचना व साइबर तकनीक के जरिये एसटीएफ टीम ने आरोपियों के संभावित ठिकानों पर रेड की। इस दौरान 20 दिसंबर को आरोपी संतोष को विशाखापट्टनम से काबू किया तो 23 दिसंबर को कर्ण सिंह को मध्य प्रदेश से गिरफ्तार किया। अदालत में पेश करने के बाद दोनों जेल भेज दिए गए। मामले में कान्हा नाम का आरोपी फरार है। उसकी तलाश के भी प्रयास किए जा रहे हैं।

### दुकान में घुसकर युवक पर बेरहमी से हमला

**बहादुरगढ़।** गांव सांखोल में दुकान में घुसकर एक युवक पर लाठी व डंडों से हमला कर दिया गया। हमले में युवक को गंभीर चोट आई। उसे नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल के पिता के बयान पर सेक्टर 6 थाना पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक युवाओं के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हमले की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं है। घायल की पहचान आर्यन के रूप में हुई है। सांखोल के निवासी सुनील का कहना है कि उसने गांव में रोहतक-दिल्ली रोड पर बिजली के सामान संबंधित दुकान कर रखी है। बुधवार को बेटा आर्यन दुकान पर बैठा था। इसी दौरान कई युवकों ने उस पर डंडों से हमला कर दिया। अधमरी हालत में छोड़कर वे हमलावर भाग गए। इसके बाद मैं नागरिक अस्पताल में गया तो वहां बेटा भर्ती था। बेटे ने बताया कि चिराग, विनीत, लक्की, सागर, हर्ष, दीपक, कृश, विक्की सहित अन्य युवकों ने उस पर बेरहमी से हमला किया है। करीब आठ महीने पहले अप्रैल में भी हम पर जानलेवा हमला किया गया था। उधर, पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। मामले में जांच की जा रही है।

## यातायात पुलिस ने लोड प्रोजेक्शन के 35 व अन्य 70 चालान किए



झज्जर। यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालक का चालान करते हुए यातायात प्रभारी वीरेंद्र कुमार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

यातायात पुलिस द्वारा वीरवार को विशेष अभियान के दौरान लोड प्रोजेक्शन वॉयलेशन करने वाले वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान मुख्य रूप से लोड प्रोजेक्शन वॉयलेशन के 35 चालान किए गए।

इन वाहनों में लोहे के सरिये, लकड़ी, पाइप और अन्य भारी सामान निर्धारित सीमा से बाहर तक निकला हुआ पाया गया। यातायात प्रबंधक वीरेंद्र कुमार ने बताया कि इस प्रकार की लापरवाही न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि जानलेवा भी साबित हो सकती है। इसके अलावा यातायात नियमों का पालन न करने वाले 70 अन्य वाहन चालकों के भी चालान किए गए। इनमें बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, गलत लेन में वाहन चलाना और आवश्यक दस्तावेज न होना जैसी लापरवाहियां शामिल रही। उन्होंने वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि वे नियमों का पालन करें और ओवरलोड व लोड प्रोजेक्शन से बचें।

## चालान होने के विरोध में भाजपा नेता से मिले ई-रिक्शा चालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

सैकड़ों ई-रिक्शा चालक वीरवार को भाजपा नेता दिनेश कौशिक से सेक्टर-2 स्थित उनके कार्यालय पर मिले और अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। चालकों की समस्याएं सुनने के बाद कौशिक ने तुरंत आरटीए इंस्पेक्टर से फोन पर कहा कि ई-रिक्शा चालकों को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए।

ई-रिक्शा चालकों ने बताया कि आरटीए द्वारा उनके चालान किए जा रहे, जिसके कारण उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उनमें से अधिकतर किराये पर ई-रिक्शा चलाते हैं। ऐसे में चालान कटने पर उन्हें जुर्माना भी भरना पड़ता है और वाहन मालिक को किराया भी देना पड़ता है। लगातार हो रही कार्रवाई से उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। ऐसे ही रहा तो उनके लिए अपने घर खर्च चलाना मुश्किल हो जाएगा। दिनेश कौशिक ने कहा कि भाजपा राज में गरीब और मेहनतकश व्यक्ति को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। प्रशासन का दायित्व है कि वह नियमों का पालन करवाए, लेकिन मानवीय दृष्टिकोण का भी ध्यान रखे। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में ई-रिक्शा चालकों को परेशान नहीं होने दिया जाएगा। कौशिक ने ई-रिक्शा चालकों को भी सलाह दी कि वे अपने सभी आवश्यक दस्तावेज पूरे रखें और यातायात नियमों का पालन करें। ई-रिक्शा चालकों ने कौशिक का आभार जताया।



बहादुरगढ़। दिनेश कौशिक से मिलने आए ई-रिक्शा चालक। फोटो : हरिभूमि

## गाड़ी के कागजात में कमी बताकर ट्रांसपोर्टर को रॉड व डंडों से पीटा

- सोनीपत के ट्रांसपोर्टर ने बहादुरगढ़ में बेची थी गाड़ी, सेक्टर 9ए बुलाकर बोला हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर के सेक्टर 9ए में सोनीपत के एक ट्रांसपोर्टर के साथ वारदात हो गई। बेची गई गाड़ी के दस्तावेजों में कमी का हवाला देकर ट्रांसपोर्टर पर रॉड व डंडों से हमला किया गया। उसकी कार भी क्षतिग्रस्त कर दी गई। पीड़ित की शिकायत पर सेक्टर 9 चौकी पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

वारदात सोनीपत निवासी सचिन के साथ हुई है। सचिन का कहना है कि चार महीने पहले उसने अपनी कैंटर गाड़ी सुधीर को बेची थी। गत 23 दिसंबर को सुधीर की इंस्टाग्राम पर कॉल आई। उसने कहा कि गाड़ी के कागजात में कमी है, कल तुम बहादुरगढ़ आ जाओ। वह 24 दिसंबर को बहादुरगढ़ में सेक्टर 9ए के पार्क के पास पहुंचा। वहां सुधीर अपने आठ-दस साथियों के संग खड़ा था। उनके हाथ में रॉड व डंडे थे। आते ही उन्होंने मुझ पर हमला कर दिया। मेरी गाड़ी के भी शीशे तोड़ दिए। इसके बाद मैंने 112 पर कॉल आई तो पुलिस आई। पुलिस ने नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया। उधर, सेक्टर 9 चौकी पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**सुशासन दिवस** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी व पंडित मदन मोहन मालवीय को किया याद

# सुशासन ही सशक्त लोकतंत्र की आधारशिला : डॉ. अरविंद

- उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए दो दर्जन अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

सुशासन केवल प्रशासनिक व्यवस्था नहीं, बल्कि जनता के प्रति उत्तरदायित्व, संवेदनशीलता और पारदर्शिता का जीवंत संकल्प है। यह बात सहकारिता मंत्री डॉक्टर अरविंद कुमार शर्मा ने वीरवार को आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि 25 दिसंबर का दिन भारतीय लोकतंत्र और राष्ट्र निर्माण के इतिहास में विशेष महत्व रखता है, क्योंकि यह दिन दो महापुरुषों पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी व भारत रत्न पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती के अवसर पर पूरे देश व प्रदेश में सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दौरान उन्होंने सरकारी विभागों में उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए दो दर्जन अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया। उन्होंने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी व भारत रत्न पंडित मदन मोहन मालवीय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि, जिप चेयरमैन कप्तान सिंह बिरधाना, संजय कबलाना, दिनेश कौशिक, मिथुन शर्मा, सोमवती जाखड़, मुकुल कौशिक मौजूद रहे।





झज्जर। जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहकारिता मंत्री डॉक्टर अरविंद कुमार शर्मा।

### अटल बिहारी वाजपेयी को दी श्रद्धांजलि



**झज्जर।** क्षेत्र के गांव छुछकवास स्थित श्रीश्याम फिलिंग स्टेशन पर वीरवार को सुशासन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता बाबू वीर कुमार यादव ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कार्यकर्ताओं व समर्थकों के साथ पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर पूर्व सरपंच महेंद्र यादव, अनिल शर्मा, विनोद यादव, एडवोकेट रमेश शर्मा, मनोज, जिला पार्षद वीरभान, डॉक्टर राजेश सिंगला, संजय, नितिन कुमार, मोनू, हरिवंद्र सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## दिनेश कुमार को मिला गुड गवर्नेंस अवॉर्ड २०१५



हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शहर के सुभाष नगर निवासी जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी रेवाड़ी दिनेश कुमार को बेहतर मीडिया प्रबंधन और बेस्ट पीआर एफर्ट्स की दिशा में निभाई गई जिम्मेदारी के लिए अटल बिहारी वाजपेयी गुड गवर्नेंस अवॉर्ड-2025 से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित सुशासन दिवस पर रेवाड़ी जिला प्रशासन की ओर से दिया गया। बाल भवन रेवाड़ी में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बावल के विधायक डॉ. कृष्ण कुमार व डीसी अभिषेक मीणा ने अवॉर्ड प्रदान किया।




कमिटमेंट / अंशु सिंह

बच्चो, नया साल आने वाला है। तुमने प्लानिंग शुरू कर दी होगी, इसे कैसे सेलिब्रेट करोगे। नया साल तुम्हारे लिए कैसे बेहतर साबित हो, तुम्हारे क्या नए रेजॉल्यूशन हों। नए साल में तुम ऐसा नया क्या करो, जो तुम्हें खुशी मिले, सफलता की राह बने, जानो।

# न्यू ईयर के लिए डिसाइड करो कुछ अलग रेजॉल्यूशन

बच्चो, नया साल आने ही वाला है। सभी इसकी कुछ न कुछ तैयारी में लगे हैं, ताकि नए साल का जश्न शानदार और यादगार बन सके। बच्चो, तुम सबने भी कुछ प्लानिंग की होंगी। बहुत कुछ सोचा होगा कि नए साल के स्वागत में क्या-क्या करेंगे? कहां पार्टी करेंगे, कहां घूमने जाएंगे, परिवार के अलावा दोस्तों के साथ मस्ती कैसे करेंगे? इतना ही नहीं, नए साल में क्या नया रिजॉल्यूशन लेंगे, इसके बारे में भी सोचा होगा। लेकिन ये सब तो आमतौर पर सभी करते हैं। तुम अलग क्या करोगे? ऐसा क्या करोगे, जो तुम्हारे लिए सिर्फ एक दिन या रात का जश्न न हो, बल्कि हर दिन, नए उत्साह और नई उम्मीद से भरा देखें। समस्याओं से कभी घबराएं नहीं। बेवजह गुस्सा न करें, बड़ों की सलाह मानकर आगे बढ़ें। तो बच्चों क्या तुम तैयार हो, ऐसा कुछ करने के लिए?



## जरूरी है इरादों में दृढ़ता

कई बच्चे दोस्तों या बड़ों की देखा-देखी में रेजॉल्यूशन तो ले लेते हैं, लेकिन उसे पूरा करने के लिए जो दृढ़ता चाहिए, वो उनमें नहीं होती है। बच्चो, जब तुम कोई लक्ष्य बनाओ, कोई टारगेट फिक्स करो तो उसे पूरा करने के लिए मेहनत, आत्मविश्वास के साथ मन में दृढ़ता जरूर होनी चाहिए। नए साल में इस बात को ध्यान में रखो।



## पहचानो अपनी खूबी

बच्चो, हर किसी में कोई न कोई खूबी जरूर होती है। तुम्हारे अंदर भी होगी। कई बार इस खूबी को पहचानने में देरी होती है। इसमें टीचर्स, पैरेंट्स, दोस्त या घर के बड़े हमारी मदद करते हैं। भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज गेंदबाज कुलदीप यादव को सभी जानते हैं। अपने चाचा को क्रिकेट खेलते देखकर, उनकी दिलचस्पी इस खेल में हुई। फिर पिता जी ने मोटिवेट किया कि वह पढ़ाई के साथ-साथ क्रिकेट भी खेलें। कुलदीप, पेस बॉलर बनना चाहते थे। लेकिन जब पहली बार कोच के पास पहुंचे, तो उन्होंने उनके अंदर छिपी प्रतिभा को पहचाना और स्पिन गेंदबाजी के लिए प्रेरित किया। पहले थोड़ा झटका लगा। लेकिन वे उन पर विश्वास कर आगे बढ़े और उनका फैसला सही साबित हुआ। बच्चो, नए साल में तुम भी अपने अंदर की खूबी को पहचानो, जैसे तुम्हारे भीतर सिंगिंग, पेंटिंग, डॉसिंग या राइटिंग का टैलेंट हो तो उसे संवारने का संकल्प ले सकते हो। साथ ही दूसरों की खूबियों से नया सीखने की भी कोशिश करो।

## पैरेंट्स के साथ करो खुलकर बातें

बच्चों की एक आम शिकायत रहती है कि पैरेंट्स उन्हें अपने मन का करने नहीं देते। जरूरत से ज्यादा रोकते-टोकते हैं। उन पर भरोसा नहीं करते हैं। अकेले दोस्तों के साथ घूमने जाने या देर रात पार्टी करने से रोकते हैं। दरअसल, पैरेंट्स के ऐसा करने की वजह होती है। वे नहीं चाहते हैं कि तुम्हारे साथ कुछ गलत हो। तुम गलत संगत में पड़ो और फंसो। वे तुम्हें गुमराह होने से बचाना चाहते हैं। पैरेंट्स को तुम्हारी सुरक्षा की चिंता रहती है। बच्चो, इस बात को समझो कि पैरेंट्स अनुभवी होते हैं। उन्हें लोगों की परख होती है। इसलिए तुम्हें उनकी बातें माननी चाहिए। अपनी पसंद या नापसंद के बारे में उन्हें जरूर खुलकर बताओ। डरो नहीं और न संकोच करो। अपने पैरेंट्स से सलाह लेने में कोई हर्ज नहीं है। बात करने से हर प्रॉब्लम का सही सॉल्यूशन निकलता है।

## मानो दोस्तों की सही सलाह

अच्छे दोस्त परिवार के सदस्य की तरह होते हैं, जो अच्छे और बुरे वक्त दोनों में हमें सपोर्ट करते हैं। हमारी खूबियों की सराहना करते हैं, गलत होने पर टोकने से भी पीछे भी नहीं रहते। दोस्तों को इस बात से फर्क नहीं पड़ता कि हमें बुरा लग सकता है, क्योंकि वे हमारे बारे में सिर्फ अच्छा और पॉजिटिव सोचते हैं। जैसे, सिक्स्थ की स्टूडेंट दीपक को जंक फूड के अलावा कुछ और पसंद ही नहीं आता था। इससे उसका वजन बढ़ने लगा। तब उसके दोस्त अनुज ने उसे साइक्लिंग और योगा करने की सलाह दी। दीपक ने उसकी बात मानी। कुछ समय बाद ही असर दिखने लगा। कहने का मतलब है कि जब हम अपनों की बातों को पॉजिटिव तरीके से लेते हैं, तो बदलाव भी हमारे हित में होते हैं। *

## ऐसे सेलिब्रेट करो न्यू ईयर

**बच्चो, अगर** तुम सोच नहीं पा रहे हो कि न्यू ईयर कैसे सेलिब्रेट करें, तो तुम हमारे सुझाव अमल में ला सकते हो-

- घर पर मजेदार एक्टिविटीज कर सकते हो। तुम ग्लोस्टिक डांस पार्टी के अलावा डीआईवाई क्राफ्ट्स (टोपी, पॉपर्स), स्पार्कलिंग साइडर के साथ आधी रात का नकली काउंटडाउन करके नए साल का जश्न मना सकते हो।
- बैकयार्ड में गेम्स और खाने के साथ बोनफायर अरेंज कर सकते हो।
- परिवार के साथ किसी अच्छी जगह घूमने जा सकते हो। अपने शहर के मॉल में बच्चों के लिए बने जोन में म्यूजिक के साथ थीम वाले इवेंट में शामिल हो सकते हो, तुम्हें बहुत मजा आएगा।
- ऐतिहासिक-सांस्कृतिक स्थलों की सैर कर सकते हो। एडवेंचर पार्क भी जा सकते हो।



टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स

# बीते साल की अचीवमेंट्स नए साल से नई आशाएं

बच्चो, बीत रहा साल हमें कुछ अचीवमेंट्स देकर जाता है, नया साल हमारे भीतर नई आशाएं जगाता है। टीवी के दो चाइल्ड आर्टिस्ट एकदास खान और श्रेया पटेल, बालभूमि को बता रहे हैं कि बीत रहे साल 2025 में उन्होंने क्या अचीव किया, नए साल 2026 से उन्हें क्या आशाएं हैं? साथ ही ये दोनों यह भी बात रहे हैं, न्यू ईयर कैसे सेलिब्रेट करेंगे, इनके क्या रेजॉल्यूशंस हैं।

## मेरे लिए यह साल सुपर-डुपर रहा : अकदास खान



**सन नियो** चैनल के शो 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' में अकदास खान, सप्पू का किरदार निभा रहा है, जिसे लोग खूब पसंद कर रहे हैं। साल 2025 में इस शो का हिस्सा बनकर अकदास बहुत खुश है। वह बताता है, 'यह साल मेरे लिए सुपर-डुपर रहा। मुझे इतने बड़े शो 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' में सप्पू का रोल प्ले करने का मौका मिला। मैंने इस साल कैमरे को फेस करना, अच्छे से डायलॉग बोलना और सीन में सही रिएक्शन देना सीखा।' नए साल 2026 के अपने रेजॉल्यूशन के बारे में अकदास बताता है, 'आने वाले साल में मेरा रेजॉल्यूशन है कि मैं सप्पू के रोल को और भी अच्छे से एक्ट करूं। मैं नए साल में डांस, गाना और कुछ एडवेंचर वाली स्किल्स भी सीखूंगा। उम्मीद करता हूं कि नए साल में मुझे बड़े और अच्छे रोल्स मिलेंगे।' न्यू ईयर सेलिब्रेशन की प्लानिंग के बारे में भी अकदास बहुत उत्साहित होकर बताता है, 'इस बार मैं अपने शो 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' के सभी दोस्तों के लिए छोटे-छोटे न्यू ईयर काड्‌र्स बनाऊंगा। मम्मा और मैं घर पर गुब्बारे और छोटी-छोटी लाइट्स भी लगाएंगे। अबकी न्यू ईयर पर घर में और सेट पर हम खूब एंज्वॉय करने वाले हैं। सभी को मेरी तरफ से हैप्पी न्यू ईयर!' *

## नए साल में निखारूंगी अपनी एक्टिंग स्किल : श्रेया पटेल



**इन दिनों** श्रेया पटेल सोनी सब के धार्मिक सीरियल 'गाथा शिव परिवार की - गणेश कार्तिकेय' में सिद्धि का किरदार निभा रही है। उसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। श्रेया के लिए साल 2025 बेहद खास रहा। वह मुस्कुराते हुए बताती है, 'मेरे लिए इस साल की शुरुआत सोनी सब के शो 'तेनाली रामा सीजन-2' से हुई। मुझे खुशी है, इस शो में दर्शकों को मेरा रोल, मेरी एक्टिंग पसंद आई। साल बीतते-बीतते मुझे नया शो 'गाथा शिव परिवार की - गणेश कार्तिकेय' मिल गया, जिसमें मैं सिद्धि का रोल प्ले कर रही हूं। मुझे इस साल नए-नए प्रोजेक्ट्स मिले और खुद को प्रूव करने का अवसर भी मिला। इस लिहाज से देखा जाए तो साल 2025 मेरे लिए बहुत ही खास रहा।' आने वाले साल 2026 से श्रेया को कई उम्मीदें हैं। उसने कुछ गोल्स भी सेट किए हैं, वह बताती है, 'मैं उम्मीद करती हूं, नए साल में मुझे अच्छे शोज में लीड रोल निभाने का मौका मिलेगा। नए साल में मैं एक्टिंग कॉलेज से जुड़कर अपना एक्टिंग स्किल निखारना चाहती हूं।' श्रेया न्यू ईयर कैसे सेलिब्रेट करती है, पूछने पर बताती है, 'नए साल की शुरुआत मैं अपने फैमिली मेंबर्स और फ्रेंड्स को न्यू ईयर विश करके करती हूं। फैमिली के साथ पार्टी करती हूं। बालभूमि के नन्हे दोस्तों को मेरी ओर से नए साल की गुड विशेज।' *

प्रस्तुति : बालभूमि फीचर्स

कविता / राजा चौरसिया

# स्वागत है नव वर्ष तुम्हारा

जा रहा पुराना साल छोड़कर
यादों का अनमोल पिटारा।
हम सब करते हैं अगवानी
स्वागत है नव वर्ष तुम्हारा।
नई उमंगें, नई तरंगें
और चेहरे खिले हुए हैं।
प्रिय बधाइयों, उपहारों के
सबको अवसर मिले हुए हैं।
नजरें तो हैं वही पुरानी
किंतु नया सब ओर नजारा।
हम सब करते हैं अगवानी
स्वागत है नव वर्ष तुम्हारा।
गीत देश के भी गाएंगे
इसको भूल नहीं पाएंगे।
बारह माह सफलताओं का
मनचाहा उत्सव मनाएंगे।
नई सोच की पटरी पर ही
दौड़ेगा उत्साह हमारा।
हम सब करते हैं अगवानी
स्वागत है नववर्ष तुम्हारा।






कहानी
रेनू सैनी

# नववर्ष का संकल्प

स्पर्श की जैसे सफाई से परहेज था। उसके मम्मी-पापा और दोस्त उसे समझाते, लेकिन उस पर कोई असर नहीं होता। स्पर्श का मौसेरा भाई पंकज, क्रिसमस की छुट्टियों में जब उसके पास आया, तो उसने स्पर्श को सुधारने की सोची। पंकज क्या स्पर्श को सुधार सका?



निर्मला मैडम सेवेंथ क्लास के बच्चों को हेल्थ से जुड़ी उपयोगी जानकारी दे रही थीं। उन्होंने बच्चों को बदलते मौसम में फैल रही बीमारियों जैसे वायरल फीवर, टाइफाइड और लूज मोशन के बारे में बताया। बच्चे उनकी बातें ध्यान से सुन रहे थे, लेकिन स्पर्श का ध्यान कहीं और था। वैसे तो वह होशियार बच्चा है, लेकिन उसमें एक बुरी आदत है कि सफाई से दूर रहता है। वह कभी भी ढंग से हाथ नहीं धोता है। यहां तक कि खाना खाने से पहले भी नहीं। स्पर्श के माता-पिता और दोस्त उसे हर तरह से समझा कर थक चुके हैं, किंतु वह किसी की भी नहीं सुनता। उसके कपड़े भी अकसर मैले रहते हैं। यहां तक कि उसकी किताबें, कॉपियां फटी मिलती हैं। पूछने पर उसका जवाब होता है, 'मेरी चीजें मैली या फटी इसलिए होती हैं, क्योंकि मैं इनका सबसे ज्यादा प्रयोग करता हूं। तुम लोगों की तरह नहीं कि हर चीज को शो-पीस बनाकर रखूं।' ऐसे ही किसी के हाथ धोने के लिए कहने पर उसका जवाब होता, 'हाथ तो वही रहेंगे न, धोएं या न धोएं, क्या फर्क पड़ता है?'

स्पर्श की इन बे-सिर पैर की बातों से सभी चिढ़ते हैं। इस बार क्रिसमस की छुट्टियों में स्पर्श की मौसी का बेटा पंकज कुछ दिनों के लिए आया। पंकज उससे बड़ा है। वह बहुत समझदार भी है। स्पर्श के कई दोस्तों से पंकज मिला, उसे इनसे स्पर्श का सफाई से न रहने की आदत के बारे पता चला। पंकज ने मन ही मन नववर्ष से पहले उसकी इस आदत को छुड़ाने का निश्चय किया।

स्पर्श का दोस्त अमन बीमार चल रहा था। पंकज कुछ सोचकर स्पर्श के साथ अमन से मिलने उसके घर गया। दोनों को देखकर अमन को खुशी हुई। वह बोला, 'अच्छा हुआ, तुम लोग आ गए। मेरा मन बहल जाएगा। वैसे अब मैं बिल्कुल ठीक हूं। खांसी-जुकाम हो गया था।'

तभी अमन की मम्मी वहां आकर बोलीं, 'मैं चाय-नाश्ता लेकर आती हूं अभी।'

यह सुनकर पंकज ने स्पर्श से कहा, 'आंटी, रसोई में चाय-नाश्ता तैयार कर रही हैं। तुम जाकर ले आओ।'

स्पर्श तुरंत रसोईघर की ओर चला गया। कुछ देर बाद वह गर्म-गर्म चाय-नाश्ता लेकर आया। स्पर्श नाश्ता शुरू करने वाला था कि अमन ने टोका, 'अरे...अरे... यह क्या कर रहे हो? पहले जाकर अच्छे से हाथ साफ करके आओ।' अमन ने यह भी बताया, 'मेरे एक रिश्तेदार का बेटा इन दिनों बहुत बीमार चल रहा है। उसे टाइफाइड हो गया है। डॉक्टरों ने बोला है कि उसे ठीक होने में समय लगेगा। वह भी बिना हाथ साफ करे चीजें खा लेता है। इसलिए गंदगी के कीटाणुओं ने उसे अपना शिकार बना लिया है। उसके बोर्ड के एग्जाम सिर पर हैं। ऐसे में वह बीमार हो गया है। उसकी पढ़ाई का हर्जा हो रहा है। पता नहीं वह बोर्ड के एग्जाम दे भी पाएगा या नहीं?' अमन आगे बोला, 'बीमार पड़ने से अच्छा है कि पहले से ही साफ-सफाई का ध्यान रखा जाए।'

अमन की बातें सुनकर स्पर्श घबरा सा गया। वह वॉश बेसिन की ओर भागा। जैसे ही वह हाथ धोने गया, पंकज और अमन एक-दूसरे की ओर देखकर मुस्कुराए। दरअसल, पंकज ने ही स्पर्श को जान बूझकर नाश्ता लेने के लिए कमरे से बाहर भेजा था। उसके कमरे से जाते ही पंकज ने अमन को झूठ-मूठ की कहानी बनाने के लिए कहा था। इस कहानी ने अपना काम कर दिखाया।

हाथ धोकर आने के बाद स्पर्श चाय-नाश्ता करते हुए बोला, 'भाई, मेरा तो आने वाले नए साल में यही संकल्प है कि हमेशा कुछ खाने-पीने से पहले अच्छी तरह हाथ धोऊंगा।'

स्पर्श की बात सुनकर पंकज बोला, 'भाई तुम्हारा यह संकल्प तो सारे संकल्पों पर भारी है, क्योंकि स्वच्छता है तो स्वास्थ्य है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क होता है। इस तरह तो तुम हर जगह बाजी मार ले जाओगे।'

पंकज की बात पर अमन और स्पर्श हंस पड़े। कमरे में नाश्ते की खुशबू फैल चुकी थी। तीनों नाश्ते का आनंद लेते हुए यह प्लान करने लगे कि नववर्ष कैसे सेलिब्रेट करेंगे? *

तुम्हारे लिए नई किताब / अनुराग मनींद्र


# प्रेरित करती रोचक कहानियां

बच्चो, तुम्हारे लिए बाल कहानियों का एक संग्रह 'शेर की मूंछ के बाल' कुछ समय पहले छपकर आया है। रेखा शाह आरबी द्वारा लिखी गई इस किताब में चौदह मनोरंजक और शिक्षाप्रद कहानियां संकलित हैं। संग्रह की कहानियों में इंसानी पात्र तो हैं ही, कई कहानियों में जंगल के जीव-जंतुओं को पात्र के रूप में प्रस्तुत किया गया है। किताब की शीर्षक वाली कहानी 'शेर की मूंछ के बाल' मनोरंजक होने के साथ-साथ तुम्हें अपनी गलती का एहसास कर उसे सुधारने की सीख भी देती है। 'टूटी गुल्लक' बहुत ही प्यारी कहानी है, जिसमें तुम पढ़ोगे कि गोलू किस तरह अपने दोस्त राजू की मदद करता है। यह कहानी तुम्हें सच्ची दोस्ती का महत्व समझाएगी। 'गुल्लू का बर्थ-डे' शीर्षक कहानी में गुल्लू अपना बर्थ-डे कुछ इस तरह मनाता है कि उसके सभी दोस्त उससे इंस्पायर होकर तय करते हैं कि वे भी अपना बर्थ-डे ऐसे ही मनाएंगे। यह कहानी तुम्हें अपनी खुशियां जरूरतमंदों के साथ बांटने पर मिलने वाली खुशी का एहसास कराएगी। 'पिंकी का सपना' कहानी में तुम पढ़ोगे कि पिंकी ने किस तरह दादाजी के साथ मिलकर अपने सपने को सच किया। यह कहानी तुममें प्रकृति-प्रेम और पर्यावरण की रक्षा के भाव जगाएगी। इन कहानियों के अलावा 'तोताराम को मिली सीख', 'साबू और शहद', 'तोलू मोलू और करेला', 'पक्की वाली दोस्ती', 'लोमड़ी की चांद ट्रिप टूरिस्ट एजेंसी' कहानियां भी तुम्हें खूब पसंद आएंगी। साथ ही ये कहानियां तुम्हें नैतिक और व्यावहारिक ज्ञान भी देंगी। *




**किताबः** शेर की मूंछ के बाल (बाल कहानी संग्रह), **लेखिकाः** रेखा शाह आरबी, **मूल्यः** 250 रुपए, **प्रकाशकः** साहित्यांजलि प्रकाशन, प्रयागराज

## जीके क्विज-185



1. भारत के राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' की रचना किसने की?
2. ग्लोबल फैमिली डे कब मनाया जाता है?
3. हाल ही में फेमस फुटबॉलर लियोनेल मेसी की विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा का अनावरण कहां हुआ है?
4. किस देश ने जूनियर हॉकी विश्व कप 2025 जीता है?
5. टाइम मैगजीन द्वारा किसे टाइम एंटरटेनर ऑफ द ईयर 2025 चुना गया है?
6. हैदराबाद किस नदी के किनारे बसा है?
7. नवंबर महीने के लिए आईसीसी वूमेन प्लेयर ऑफ द मंथ किसे चुना गया है?
8. भारत के किस राज्य की राजभाषा अंग्रेजी है?
9. भारत के किस राज्य में लोकसभा की सर्वाधिक सीटें हैं?
10. 'भारत भारती' नामक पुस्तक के रचयिता कौन हैं?

**बच्चों, जीके क्विज-185 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-184 का उत्तर :** 1.दीपावली, 2.जसप्रीत बुमराह, 3.खान अब्दुल गफ्फार खान, 4.गुजरात, 5.माउंट बेटन, 6.ओडिशा, 7.क्षिप्रा नदी, 8.22 दिसंबर, 9.विनेश फोगाट, 10.पत्रकारिता

**जीके क्विज-184 का सही उत्तर देने वाले :** साकेत-दुर्ग, कबीर-हिसार, उर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, चीनू-रायगढ़, ज्योति-बैकुंठपुर, नीटू-सीतापुर, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-रोहतक

## रंग भरो-192

**रंग भरो-192** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




आन्या, दुर्ग


दीक्षांत, रायपुर


दिया, रोहतक


आशना, जांजगीर


हिताक्षी, महेंद्रगढ़

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, अंकिता-ईमेल से, अंतरा-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, कोमल-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, अमन-जांजगीर, कुसुम-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, रितेश-बलौदा बाजार


पयोनिधि, अंबिकापुर

## रंग भरो 193




बच्चो, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में कुछ बच्चे न्यू ईयर सेलिब्रेट कर रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

### सड़क पर भरे गंदे पानी से होकर निकलने को मजबूर हो रहे लोग

# गढ़ी मोहल्ला में अंडरग्राउंड नालियों की सफाई न होने से सड़क पर फैला दूषित जल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शहर के पुराना बस स्टैंड के पीछे स्थित गढ़ी मोहल्ला में भी अंडरग्राउंड नालियां मोहल्लावासियों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई हैं। यहां नियमित सफाई न होने के कारण अवरुद्ध हुई नालियों का गंदा पानी ओवरफ्लो होकर गली में फैला रहता है। ऐसे में लोगों को गली में फैले गंदे पानी के बीच से ही आवागमन करना पड़ता है। मोहल्लावासी ईश्वर, सौरभ, हरीश, मंगल, सचिन, नीरज, विजय, वेदप्रकाश, जतिन, अमित, नर सिंह, प्रेम आदि ने बताया कि पिछले करीब साल भर


झज्जर। गढ़ी मोहल्ला में गली में फैला गंदा पानी दिखाते हुए महिलाएं।

से इस गली की हालत दयनीय है। अधिकांश समय इस गली में गंदा पानी फैला रहता है। स्कूल जाने वाले बच्चे भी गंदे पानी के बीच से होकर निकलने पर मजबूर हैं। कई बार छोटे बच्चे यहां फिसल कर चोटिल भी हो चुके हैं। लोगों का कहना है कि वे संबंधित वार्ड पार्षद से भी समस्या से अवगत करा चुके हैं लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि बार-बार कहने के बाद पार्षद द्वारा सफाई कर्मचारियों को भेजा जाता है और वे सफाई की औपचारिकता पूरी करके चले जाते हैं। एक-दो दिन बाद फिर से वहीं स्थिति उत्पन्न हो जाती है। गली निवासी केसर देवी, सुरेश देवी, चंपा आदि ने बताया कि गली में हुए जलभराव के कारण उन्हें बच्चों की भी विशेष निगरानी रखनी पड़ती है। इसके अलावा बड़ी बुजुर्ग महिलाएं भी अपनी दहलीज तक ही सीमित रह गई हैं। महिलाओं ने बताया कि ज्यादा परेशानी अंडरग्राउंड नालियों के कारण आ रही हैं। यदि नालियां खुली हो तो वे स्वयं भी अपने-अपने घरों के सामने से सफाई कर सकती हैं।

इसके अलावा नियमित जलभराव से यहां सर्दी में भी मच्छरों की भरमार है जिससे बीमारियां फैलने की आशंका बनी है। उन्होंने बताया कि शाम के समय पेयजल सप्लाई आने पर हालत और भी गंभीर हो जाती है। उन्होंने नगर परिषद से गुहार लगाई है कि या तो खुली नालियां बनाई जाए या फिर सफाई कर्मियों की नियमित ड्यूटी लगाकर उन्हें समस्या छुटकारा दिलाया जाए।

**बनवाई जाएंगी खुली नालियां**

वार्ड पार्षद नरेश वाल्मीकि ने बताया कि उनके कार्यकाल से पहले अंडरग्राउंड नालियां बनाई गई थी। जिसके थोड़े दिनों बाद लोगों ने अपने घरों के आगे चबूतरे बना लिए। पाइपों के अंतराल पर छोड़े गए मुहानों में कचरा भरने के कारण अब नालियां अवरुद्ध हो गईं। चबूतरों व सीढ़ियों के कारण नालियों की अच्छी प्रकार से सफाई नहीं हो पा रही। समस्या को ध्यान में रखते हुए उन्होंने नप की बैठक में खुली नालियां बनाने संबंधी रेगुलेशन भी पास करा लिया है। टेंडर होने पर खुली नालियां बनवाई जाएंगी।

## एचसीआईएम चुनाव में नॉमिनी बने डॉक्टर पवन राज्याण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

वीरवार को डॉक्टर नरेश दलाल हॉस्पिटल परिसर में आयुष चिकित्सकों द्वारा एक मीटिंग का आयोजन किया गया।

हरियाणा काउंसिल ऑफ इंडियन मेडिसन के चुनाव को ध्यान में रखकर आयोजित इस मीटिंग की अध्यक्षता अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन हरियाणा के अध्यक्ष डॉक्टर अश्विनी गौतम ने की। मीटिंग के दौरान सर्वसम्मत्ति द्वारा डॉ. पवन राज्याण को एचसीआईएम चुनाव के लिए नॉमिनी घोषित किया गया। इस मौके पर डॉक्टर नरेश दलाल, डॉक्टर पुनीत, डॉक्टर रवि गोदारा, डॉक्टर सुनील सैनी, डॉक्टर ज्योति, डॉक्टर नंद किशोर सरदाना, डॉक्टर राजेश सिंगला, डॉक्टर विजय कंकरवाल, डॉक्टर सोमबीर राज्याण सिंह अन्य भी उपस्थित रहे।

## अवैध हथियार और पांच कारतूस सहित आरोपी किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

पुलिस की एक टीम द्वारा अवैध हथियार और पांच कारतूस सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। सदर थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति अपनी पत्नी के साथ झगड़ा कर रहा है और उसके पास अवैध हथियार हैं।

सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच की। जांच के दौरान सामने आया कि आरोपी विक्रम निवासी सिलानी केशो के पास अवैध हथियार मौजूद हैं। तलाशी लेने पर पुलिस टीम ने



आरोपी के कब्जे से एक अवैध पिस्टल, पांच कारतूस और पांच खाली खोल बरामद किए हैं। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार मामला दर्ज करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।


झज्जर। कार्यक्रम में शिक्षकों के साथ उपस्थित विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### बच्चों ने सांता क्लॉज बनकर बांटे उपहार

झज्जर। पेस संस्थान में क्रिसमस-डे के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नर्सरी, एलकेजी व यूकेजी के नन्हे बच्चों ने सांता क्लॉज बनकर सभी का मन मोहा व विद्यार्थियों में उपहार बांटे। पहली से पांचवीं तक के विद्यार्थियों ने पौष्टिक भोजन और जंक फूड के अंतर, जंक फूड के सेवन से होने वाले नुकसान तथा स्वस्थ जीवनशैली पर अपने विचार सांझा किए। कक्षा छठी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए बेस्ट पौष्टिक भोजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थी घर से विभिन्न प्रकार के पौष्टिक भोजन बनाकर लाए। प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में पेस ग्रुप के चेयरमैन युद्धवीर, निदेशक जय विकास, अकेडमिक डायरेक्टर जय भगवान, मैनेजिंग डायरेक्टर हरीश, संदीप, सुमित चावला सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### ईंट भट्ठा पाठशाला में मनाया तुलसी पूजन

झज्जर। ईंट भट्ठा पाठशाला बिरधाना में वीरवार को तुलसी पूजन दिवस मनाया गया। इंडेप्थ विजन फाउंडेशन, सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया तथा विश्व हिंदू परिषद धर्म प्रसार शाखा के सहयोग आयोजित इस कार्यक्रम में ठंड से बचाव के लिए जरुरतमंद विद्यार्थियों में जैकेट वितरित भी किए गए। कार्यक्रम में वक्ताओं ने तुलसी दिवस के महत्व, पर्यावरण संरक्षण तथा वृक्षारोपण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला और आने वाली पीढ़ियों के बेहतर भविष्य के लिए प्रकृति से जुड़ने का संदेश दिया। इस दौरान अतिथियों को तुलसी का पौधा देकर सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर एम्ब्रेस फाउंडेशन संस्था सदस्य राजेश, नितेश, मुकेश, पूनम देशवाल, सरिता मल्हान, जतिन गुप्ता, कर्मबीर सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## शिक्षकों को बताए साइबर क्राइम से बचने के उपाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

कैंब्रिज इंटरनेशनल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भदाना में वीरवार को सीबीपी ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। साइबर सेफ्टी एंड सिक्योरिटी विषय के अंतर्गत आयोजित इस ट्रेनिंग सत्र में रिसोर्स पर्सन पूनम व संजना अरोड़ा ने शिक्षकों को प्रभावशाली एवं सरल ढंग से साइबर सुरक्षा संबंधी जानकारी सांझा की। उन्होंने शिक्षकों को साइबर क्राइम, ऑनलाइन फ्रॉड, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, फेक लिंक एवं डेटा सुरक्षा से संबंधित खतरों बारे विस्तार से अवगत



कराया। उन्होंने कहा कि डिजिटल संसाधनों के लाभों के साथ-साथ उनकी सीमाओं और सावधानियों को समझना भी अत्यंत आवश्यक है। ट्रेनिंग में करीब 60 शिक्षकों ने भाग लिया। निदेशक धर्मेंद्र जून ने कहा कि यह सीबीपी ट्रेनिंग न केवल शिक्षकों के लिए उपयोगी सिद्ध हुई, बल्कि विद्यालय में साइबर जागरुकता को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम रही।

## होनहार विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

- एचआर ग्रीन फील्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

एचआर ग्रीन फील्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वीरवार को वार्षिक उत्सव और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। स्कूल प्रबंधक विकास धनखड़ और प्राचार्य मोहिंद्र सिंह गुलिया ने दीप प्रज्ज्वलन व तुलसी पूजन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की। विद्यार्थियों ने मां सरस्वती की वंदना के बाद नृत्य, नाटक, देशभक्ति गीतों व


झज्जर। प्रबंधन समिति सदस्यों के साथ उपस्थित होनहार विद्यार्थी।

लोकगीतों पर नृत्य करते हुए अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस दौरान शिक्षा, खेल व सांस्कृतिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहार विद्यार्थियों को स्कूल प्रबंधक विकास धनखड़ और प्राचार्य मोहिंद्र सिंह गुलिया द्वारा पुरस्कृत भी किया गया।

### एफआईआर दर्ज होने के बाद थाने पहुंचे खिलाड़ी अमन के परिजन



बहादुरगढ़। बास्केटबॉल खिलाड़ी अमन की मौत के मामले में परिजन वीरवार को सिटी थाने में पहुंचे। परिजनों ने पुलिस से जल्द से जल्द मामले में जांच पूरी कर अमन की मौत के जिम्मेदारों के खिलाफ उपयुक्त कार्रवाई करने की मांग उठाई। लाइनपार का निवासी अमन 23 नवंबर को ब्रिगेडियर होशियार सिंह स्टेडियम में अभ्यास करने आया था। इस दौरान पोल गिरने से घायल हो गया था और अगले दिन उसने पीजीआई में दम तोड़ दिया था। हादसे के बाद मृतक अमन के परिजनों ने स्टेडियम प्रबंधन से जुड़े अधिकारियों की लापरवाही और पीजीआई के डॉक्टरों की कार्यप्रणाली पर गंभीर आरोप लगाए थे। वीरवार को अमन के पिता सुरेश व अन्य परिचित थाने में पहुंचे और मामले में चल रही कार्रवाई के बारे में जानकारी जुटाई।

## स्वयंसेवकों को कराया नशे के दुष्परिणामों से अवगत

- एनएसएस स्वयंसेवकों ने प्रभात फेरी निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शहीद लांस नायक मुकेश कुमार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेरी में सात दिवसीय एनएसएस शिविर के तीसरे दिन एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई।

इसके स्वयंसेवक माता भीमेश्वरी देवी मंदिर परिसर में स्थित


झज्जर। शिविर में उपस्थित स्वयंसेवक एवं वक्ता। फोटो : हरिभूमि

प्राचीन तालाब पर पहुंचे जहां बुजुर्ग लक्ष्मी देवी ने उन्हें प्राचीन तालाबों और कुओं के महत्व से अवगत कराया। इस दौरान सुनो नहरों की पुकार मिशन की टीम सदस्य जसमेर हुड्डा व रिटायर्ड डीएसओ ईश्वर दलाल ने स्वयंसेवकों को नहरों को साफ-सुथरा रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जल के बिना हम आने वाले कल की कल्पना भी नहीं कर सकते। इसके अलावा हेडमास्टर राजप्रकाश धनखड़ व स्वीटी मलिक ने स्वंयसेवकों को युवाओं में बढ़ रही नशे की लत से अवगत कराते हुए उन्हें किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने की सलाह दी। इनके अलावा स्पेशल टीचर अजमेर हुड्डा ने रक्तदान, गणित प्रवक्ता दीपक दलाल ने पर्यावरण सरंक्षण विषय पर जानकारी दी।

**खबर संक्षेप**



### तुसली दिवस और क्रिसमस-डे मनाया

झज्जर। कैम्ब्रिज इंटरनेशनल स्कूल बिरड़ में क्रिसमस-डे व तुलसी पूजन दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कैम्ब्रिज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन शरद यादव ने दीप प्रज्ज्वलित के साथ तुलसी का पूजन किया। उन्होंने विद्यार्थियों को तुलसी के गुणों से अवगत कराया। इसके अलावा क्रिसमस के उपलक्ष्य विद्यार्थियों में उपहार वितरित किए गए। इस दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी। इस मौके पर प्राचार्य मंजीत कुमार व उमेश भारद्धाज ने विद्यार्थियों को क्रिसमस-डे के महत्व से अवगत कराया।



### क्रिसमस-ट्री सजाकर विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

झज्जर। तक्षशिला विद्यापीठ स्कूल बेरी में वीरवार को तुलसी पूजन तथा क्रिसमस-डे धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना व तुलसी पूजन से की गई। चेयरमैन सुखबीर डबास, निदेशक हरबीर डबास, प्राचार्य नसीब अहलावत व उप प्राचार्या अलका ने विद्यार्थियों के साथ मिलकर तुलसी मां को चुनरी, धूप-दीप तथा पुष्प- माला भेंट कर उनकी आरती की। इसके उपरांत विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी। क्रिसमस-डे के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों ने जहां क्रिसमस-ट्री सजाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया वहीं सांता क्लाज बनकर अन्य विद्यार्थियों में उपहार भी वितरित किए। इस दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को क्रिसमस-डे तथा तुलसी दिवस के महत्व से भी अवगत कराया।



### शिक्षकों को तुलसी के गुणों की जानकारी दी

झज्जर। एलए स्कूल में वीरवार को शिक्षकों द्वारा पारंपरिक ढंग से तुलसी पूजन किया गया। स्कूल प्राचार्या निधि कादियान ने बताया कि 25 दिसंबर को देशभर में तुलसी पूजन दिवस मनाया जाता है। इस दौरान स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनीता गुलिया, नीलम दहिया, योजित गुलिया व भविष्य दहिया ने शिक्षकों के साथ मिलकर मां तुलसी की विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने शिक्षकों को तुलसी के औषधीय गुणों की जानकारी भी दी। इस मौके पर स्कूल प्रबंधक केएम डागर, भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा सहित अन्य भी उपस्थित रहे। तुलसी पूजन उपरांत शिक्षकों ने केक काटकर क्रिसमस-डे की खुशियों को भी सांझा किया।




### आरईडी स्कूल में मनाया तुलसी पूजन दिवस

झज्जर। आरईडी स्कूल में वीरवार को तुलसी पूजन दिवस धूमधाम से मनाया गया। शिक्षकों के साथ मिलकर दूसरी कक्षा के विद्यार्थियों ने तुलसी का पूजन करते हुए धूप, दीप, पुष्प अर्पित किए। इस दौरान विद्यार्थियों ने कविता और भाषण के माध्यम से तुलसी के धार्मिक, वैज्ञानिक और पर्यावरणीय महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। प्राचार्या गीता गाबा ने विद्यार्थियों को तुलसी के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि तुलसी न केवल धार्मिक दृष्टि से पवित्र है, बल्कि स्वास्थ्य व पर्यावरण के लिए भी अत्यंत लाभकारी है।

**कार्यक्रम** म्यूजिकल चेयर रेस का आयोजन, छात्रा राशि ने मारी बाजी

## स्वयंसेविकाओं को दी ट्रिप मॉनिटरिंग सर्विस की जानकारी

### एनएसएस शिविर में रागिनी के माध्यम से बताया शिक्षा का महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के तीसरे दिन स्वयंसेविकाओं को शिक्षा के महत्व से अवगत कराया गया। कार्यक्रम अधिकारी अन्नु देशवाल ने बताया कि मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित सेवानिवृत्ति भूगोल प्रवक्ता सुरेंद्र ने रागिनी के माध्यम से स्वयंसेविकाओं को शिक्षा के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने प्रेरणादायक उदाहरणों द्वारा भी नैतिक मूल्यों एवं आदर्श दिनचर्या


झज्जर। शिविर में स्वयंसेविकाओं के साथ उपस्थित पुलिस टीम सदस्य।

का ज्ञान बांटा। डॉक्टर पूजा नांदल ने स्वयंसेविकाओं को भविष्य में सफलता हासिल करने के आवश्यक टिप्स दिए। उन्होंने बताया कि जब किसी महिला यात्री को सफर में असुरक्षा महसूस हो तो वह इस सर्विस का इस्तेमाल कर सकती है। इसके जरिए डायल 112 टीम द्वारा हर आधे घंटे में कॉल करके संबंधित यात्री की निगरानी की जाएगी और आपातकालीन स्थिति में आवश्यक सहायता के लिए निकटतम इमरजेंसी रिस्पांस व्हीकल को भेजा जाएगा। इसके अलावा उन्होंने भारत सरकार द्वारा संचालित 112 इंडिया एप से भी अवगत कराया। इस दौरान स्वयंसेविकाओं के बीच म्यूजिकल चेयर रेस का आयोजन भी किया गया जिसमें छात्रा राशि विजेता रही।

**मॉनिटरिंग सर्विस बारे दी जानकारी**

शिविर में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ विषय पर स्वयंसेविका रानी, पायल, मुस्कान व सिमरन ने नृत्य किया जबकि यस्विनी, मधु, राशि, दीप्ति, स्नेहा व तान्या ने कविता सुनाई और साक्षी, शिवानी व दीपांशी ने गीत की प्रस्तुति दी। सायंकालीन सत्र में दुर्गा शक्ति टीम से एएसआई अशोक कुमार, लेडी हेड कांस्टेबल रानी और मोनिका ने पुलिस द्वारा शुरू की गई ट्रिप मॉनिटरिंग सर्विस बारे जानकारी दी।

## दुष्कर्म पीड़िता के समर्थन में उतरे नागरिक

- दोषी की उम्रकैद को निलंबित कर जमानत पर रिहा करने लोगों में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

बलात्कार के मामले में कुलदीप सेंगर को दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा उसकी उम्र कैद को निलंबित कर जमानत पर रिहा कर देने से बहादुरगढ़ में भी रोष है। इस फैसले के विरोध और अपनी सुरक्षा के लिए इंडिया गेट पर धरने पर बैठी पीड़िता को सुरक्षा बलों द्वारा जबरन उठाने की भी निंदा की गई। नागरिक मंच ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि महिलाओं की इज्जत आबरू की सुरक्षा को लेकर पीड़ित को रोने भी नहीं दिया गया और रेपिस्टों को बढ़ावा दिया गया। रामकिशन ने



बहादुरगढ़। दुष्कर्म पीड़िता के समर्थन में मांग करती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

दिल्ली हाईकोर्ट से इस फैसले पर पुनः गहराई से विचार करने तथा अपराध को रेयर आफ द रेयरेस्ट मानते हुए कुलदीप सिंह सेंगर को उदाहरण मूलक सजा देने की मांग की। ताकि यह सजा अन्य लोगों के मन में ऐसा अपराध करने से पहले खौफ पैदा कर सके।

**सूचना**

मैं, प्यारे लाल पुत्र श्री हीरा लाल निवासी 566/23, गली नं. 1, गौरी शंकर मन्दिर के पास, मोहन नगर, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा-124507 बयान करता हूं कि मेरी पुत्री कोमल मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## कलमवीर विचार मंच ने काव्योत्सव का किया आयोजन

# कवियों ने किया भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी और साहिबजादों को नमन

**लोक कवि जगबीर कौशिक, बिल्लू मांडौठी व सुदेश संदूजा ने अपनी हरियाणवी रचनाओं से सभी को मंत्रमुग्ध किया**


हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

कलमवीर विचार मंच द्वारा कविकुल के हृदय सम्राट पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में नेहरू पार्क स्थित शिव किरण सदन में भव्य काव्योत्सव का आयोजन किया। मंच के संस्थापक कृष्ण गोपाल विद्यार्थी के सानिध्य में हुए इस कार्यक्रम में उपस्थित कवियों ने देश धर्म के लिए प्राण न्योछावर करने वाले गुरु गोबिंद सिंह के वीर साहिबजादों को भी अपने भाव पुष्प अर्पित किए। कवयित्री सुनीता श्री की सरस्वती वंदना से शुरू हुए इस कार्यक्रम में सुनीता, वेद भारती व अर्चना झा ने अपने काव्यपाठ के दौरान अटल जी के अलावा उन बालवीरों को भी याद किया।

लोक कवि जगबीर कौशिक, बिल्लू मांडौठी व सुदेश संदूजा ने अपनी हरियाणवी रचनाओं से सभी को मंत्रमुग्ध किया। राजकुमार गाइड व मुकेश व्यास ने आधुनिक जीवनशैली में रिश्तों की बदलती परिभाषा को रेखांकित किया। अनिल भारतीय गुमनाम ने समय-चक्र के फेर में पल-पल बदलती परिस्थितियों पर आधारित रोचक गीत सुनाया। कवि कुमार राघव ने अपने मुक्तकों के माध्यम से मां की ममता का चित्रण कर खूब तालियां बटोरीं।

युवा कवि मुन्ना कुमार ने श्रंगार रस से परिपूर्ण रचनाओं द्वारा मन की बात कही। हास्य कवि सुरेश कौशिक की विनोद पूर्ण रचनाओं व कार्यक्रम के संयोजक शिव ओम शिव के रोचक व्यंग्य भी खूब सराहे गए। गीतकार विद्यार्थी के अध्यक्षीय संबोधन व संयोजक शिव ओम शिव के आभार ज्ञापन के साथ काव्योत्सव संपन्न हुआ।


बहादुरगढ़। वरिष्ठ कवयित्री का स्वागत करती सुनीता श्री। फोटो : हरिभूमि


बहादुरगढ़। अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित करती सरोज राठी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## सुशासन दिवस के रूप में मनाई अटल जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी के कार्यालय पर वीरवार को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। चेयरपर्सन ने पार्षदों और कार्यकर्ताओं के साथ अटल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। चेयरपर्सन सरोज राठी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाने का मुख्य उद्देश्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और नीतियों को समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना है। अटल जी का पूरा जीवन राष्ट्र सेवा, लोकतांत्रिक मूल्यों और सुशासन को समर्पित रहा। उनकी सोच थी कि शासन पारदर्शी, संवेदनशील और जनहितैषी होना चाहिए। उनके नेतृत्व में देश ने कई ऐतिहासिक निर्णय लिए। इस वर्ष अटल जी की जयंती शताब्दी वर्ष के रूप में मनाई जा रही है।

पूर्व चेयरमैन कर्मबीर राठी, रमेश राठी, पार्षद राजेश तंवर, हरिमोहन धाकरे, पवन रोहिल्ला, जगबीर रुहिल, नरेंद्र, सतीश शर्मा, भरत सिंह छिल्लर, राजेश राठी, संजय राठी, नवीन, मनमोहित गुप्ता, संदीप, सुमित, संदीप कुमार आदि ने अटल जी के विचारों पर चलने और उनके दिखाए मार्ग पर आगे बढ़ने का संकल्प लिया।


बहादुरगढ़। पूर्व पीएम अटल बिहारी को श्रद्धांजलि देते रामकंवार सैनी व अन्य।

### सैनी के कार्यालय पर मनाई अटल जयंती

*बहादुरगढ़। भाजपा सुशासन विभाग के जिलाध्यक्ष रामकंवार सैनी के कार्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। अटल जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। सैनी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी भारत में सुशासन के प्रतीक माने जाते हैं। उनका शासन मॉडल वैचारिक प्रतिबद्धताओं, व्यावहारिक सोच, समावेशी दृष्टिकोण और जन-केंद्रित प्रशासन का अद्भुत संतुलन था। कार्यक्रम में बहादुरगढ़ मंडल अध्यक्ष संजय सैनी, आशु सैनी, संजीत राठी, दीपक सैनी, रविंद्र राठी, सूरज जाटव, प्रमिला जून, सविता पवार, इंदु बागड़ी, योगेश शर्मा, मनीराम पंडित, राव राज सिंह व सागर आदि ने पूर्व पीएम को नमन किया।*

### डॉ. पंकज जैन ने दी अटल को श्रद्धांजलि

*बहादुरगढ़। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. पंकज जैन ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। जैन ने कहा कि वाजपेयी भारतीय राजनीति में शालीनता, विचारशीलता और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने वाले युगदृष्टा नेता के रूप में सदैव स्मरण किए जाएंगे। वाजपेयी ने देश को मजबूत, सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए। पोखरण परमाणु परीक्षण ने भारत की सामरिक शक्ति को विश्व पटल पर स्थापित किया। स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना के जरिए देश के बुनियादी ढांचे को नई गति दी। राजनीतिक मतभेदों के बावजूद विरोधियों के प्रति सम्मान और संवैधानिक मर्यादाओं का पालन उनकी पहचान थी। उनका व्यक्तित्व राष्ट्र निर्माण के लिए निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता है।*


बहादुरगढ़। वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते डॉ. पंकज जैन व अन्य। फोटो : हरिभूमि


बहादुरगढ़। वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते नरेश कौशिक व अन्य।

### पूर्व विधायक ने किया अटल को नमन

*बहादुरगढ़। पूर्व विधायक नरेश कौशिक ने अपने कार्यालय पर भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व पीएम स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया। साथ ही उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कार्यकर्ताओं को वाजपेयी के दिखाए मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर धर्मबीर वर्मा, राजेश मकड़ौली, महेश कुमार, पालेराम शर्मा, नकुल चौपड़ा, राम सिंह दलाल, कृष्ण चंद्र, अश्विनी शर्मा, अशोक शर्मा, अनिल सिंघल, पवन रोहिल्ला, सुरेश राठी, रमेश वशिष्ठ, आमोद छिल्लर, विशाल बराही, नरेंद्र शर्मा, डॉ सुरेंद्र भारद्वाज, बिजेंद्र लूखड़, रमेश वत्स व सत्यवान छिकारा आदि ने अटल को नमन किया।*



बहादुरगढ़। परनाला गांव में लाइब्रेरी का उद्घाटन करते विधायक राजेश जून।

### विधायक ने परनाला में किया ई-लाइब्रेरी का उद्घाटन

बहादुरगढ़। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर मनाए जा रहे सुशासन दिवस के उपलक्ष्य में गांव परनाला में ग्राम पंचायत द्वारा बनाई गई ई-लाइब्रेरी का विधायक राजेश जून ने उद्घाटन किया। इसके उपरांत विधायक ने अपने कार्यालय पर कार्यकर्ताओं के साथ भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। ग्राम सरपंच प्रतिनिधि अशोक राठी के साथ उद्घाटन करते हुए विधायक राजेश जून ने बताया कि इस लाइब्रेरी में 30 बच्चों के बैठने की सुविधा है और यहां छात्र विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकते हैं। शांत वातावरण और आवश्यक संसाधनों से सुशोज्जित यह लाइब्रेरी छात्रों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगी। विधायक राजेश जून ने ग्राम सरपंच मुकेश अशोक राठी समेत सभी ग्रामवासियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश व केंद्र सरकार की योजना के अंतर्गत बनाई गई यह लाइब्रेरी आसपास के गांवों के छात्रों को लाभ पहुंचाएगी।


बहादुरगढ़। बच्चों के साथ क्रिसमस का केक काटती कीर्ति छिल्लर। फोटो : हरिभूमि

### यूनिक अर्थ प्ले स्कूल में मनाया क्रिसमस-डे

बहादुरगढ़। शहर के धर्म विहार स्थित यूनिक अर्थ प्ले स्कूल में क्रिसमस डे धूमधाम से मनाया गया। स्कूल में नन्हे मुन्ने बच्चों को भी सांता की टोपी व ड्रेस पहनाकर एक साथ मंच पर लाया गया। नन्हे मुन्ने सेंटा क्लाज बने बच्चों ने हैप्पी क्रिसमस का संदेश दिया। बच्चों ने सांता की टोपी, क्रिसमस कार्ड व क्रिसमस ट्री बनवाने जैसी प्रतियोगिताओं में भी भाग लिया। साथ ही जिंगल बेल, मैरी क्रिसमस के गानों पर नृत्य भी प्रस्तुत कर समां बांध दिया। अंत में सभी बच्चों को उपहार स्वरूप चाकलेट भी वितरित की गई और केक भी काटा गया। स्कूल निदेशक कीर्ति छिल्लर ने बच्चों को क्रिसमस पर्व के बारे में जानकारी दी। उनके अनुसार इस तरह की एक्टिविटी से बच्चों के मन में पढ़ाई के प्रति भी उत्सुकता रहती है।


बहादुरगढ़। प्रतियोगिता में पेंटिंग और ड्राइंग बनाते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### पेंटिंग और ड्राइंग से दिया पर्यावरण बचाने का संदेश

बहादुरगढ़। लडरावण स्थित श्री स्वामी समर्थ इंटरनेशनल स्कूल में क्रिसमस के अवसर पर एक क्रियात्मक एवं रचनात्मक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कक्षा दूसरी से लेकर 12वीं के विद्यार्थियों ने इसमें भाग लिया। विद्यार्थियों ने पर्यावरण बचाओ तथा जल की जीवन है विषय पर पेंटिंग और ड्राइंग के माध्यम से अपनी प्रस्तुति दी। स्कूल द्वारा प्रतियोगिता संबंधी सभी वस्तुओं की व्यवस्था की गई थी। करीब डेढ़ सौ विद्यार्थियों ने कला के माध्यम से अपने भावों को प्रस्तुत किया।


बहादुरगढ़। ग्रामीण क्षेत्र में तुलसी पूजन करती महिलाएं व बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### स्कूलों, ट्यूशन सेंटरों व ग्रामीण क्षेत्र में तुलसी पूजन

बहादुरगढ़। संत आसाराम आश्रम की प्रेरणा से शहर व ग्रामीण इलाकों में धार्मिक, सांस्कृतिक एवं पर्यावरणीय चेतना से ओत-प्रोत कार्यक्रम हुए। श्री योग वेदांत सेवा समिति के सेवाधारियों द्वारा शहर के स्कूलों, ट्यूशन सेंटरों और गांवों में जगह-जगह तुलसी पूजन कर जनमानस को भारतीय संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों, युवाओं व महिलाओं ने पूरे श्रद्धाभाव से तुलसी माता का पूजन किया। तुलसी के धार्मिक, औषधीय एवं पर्यावरणीय महत्व पर प्रकाश डाला गया। आश्रम के मीडिया प्रभारी नवीन मल्होत्रा ने बताया कि संत आसाराम आश्रम द्वारा वर्षों पूर्व शुरू किया गया तुलसी पूजन अभियान आज एक जनआंदोलन का रूप ले चुका है, जिससे भारतीय संस्कृति को नई दिशा मिली है। बच्चों को तुलसी के महत्व की जानकारी देकर उन्हें अपने घरों व विद्यालयों में तुलसी रोपण व संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। नवीन मल्होत्रा ने बताया कि स्कूलों और ट्यूशन सेंटरों में बच्चों ने भजन, मंत्रोच्चार व तुलसी पूजन कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मौके पर अभा, पूनम, गायत्री, अनीता सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं सेवाधारियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। सभी ने कहा कि वे युवाओं को भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और प्रकृति संरक्षण से जोड़ने का कार्य निरंतर करते रहेंगे।


बहादुरगढ़। कार्यक्रम के दौरान केक काटती ब्रह्माकुमारियां। फोटो : हरिभूमि

### नई प्रेरणा और नवीन संकल्पों के साथ मनाया उत्सव

बहादुरगढ़। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सेक्टर-2 सेवा केंद्र पर नववर्ष अत्यंत हर्षोल्लास, उमंग और आध्यात्मिक वातावरण के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित भाई-बहनों ने सकारात्मक संकल्पों और आत्मिक उल्लास के साथ नए वर्ष का स्वागत किया। बहादुरगढ़ ब्रह्माकुमारीज की मुख्य संचालिका बीके अंजलि दीदी ने उम्मीद जताई कि नया वर्ष सभी के जीवन में उमंग, उत्साह, दिव्य प्रकाश और आध्यात्मिक सशक्तिकरण लेकर आएगा। सेवाकेंद्र संचालिका बीके विनीता दीदी ने बताया कि नववर्ष के साथ आज 'बड़ा दिन' भी मनाया जाता है, जो पवित्रता, सादगी और सात्विकता का संदेश देता है। उन्होंने तुलसी पूजन के महत्व पर प्रकाश डाला। बीके अमृता दीदी ने भी सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए आत्मिक उन्नति की ओर निरंतर आगे बढ़ने का संदेश दिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को आनंदमय बना दिया। बीके नवीन, बीके भरत एवं बीके सुनंदा ने मधुर गीत प्रस्तुत किए। मिस्टी ने सुंदर नृत्य से सभी का मन मोह लिया। बीके लक्ष्मी दीदी ने नववर्ष की प्रेरणादायक कविता से श्रोताओं के हृदय को छू लिया। इस अवसर पर बीके रतन भाई, बीके उमा बहन व बीके संदीप भाई का जन्मोत्सव भी उल्लास के साथ मनाया गया। सभी भाई-बहनों को ईश्वर प्रसाद एवं सौगात दी गई।

## अलविदा 2025 — रेलवे ट्रैक पर इस वर्ष बहा 65 लोगों का खून

**पिछले चार सालों से रेलवे हादसों में लगातार आ रही गिरावट, लेकिन थम नहीं रही लापरवाही**

मनीष कुमार ▶▶ बहादुरगढ़

नियमों की अनदेखी और जल्दबाजी रेल हादसों का मुख्य कारण बनी हुई है। बहादुरगढ़ जीआरपी के अधिकार क्षेत्र में आने वाले रेलवे ट्रैक पर इस साल अब तक 65 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। हालांकि पिछले कुछ वर्षों के आंकड़ों पर नजर डालें तो हादसों में निरंतर गिरावट आ रही है, लेकिन लापरवाही का सिलसिला अब भी थमने का नाम नहीं ले रहा है।

जीआरपी सीमा के तहत आने वाले टिकरी बॉर्डर से सांपला और झज्जर रेलवे लाइन के क्षेत्र में एक जनवरी 2025 से अब तक कुल 65 मौतें दर्ज की गई हैं। इनमें 12 महिलाएं और 53 पुरुष शामिल हैं। अधिकांश मौतें ट्रैक पार करते समय हुई लापरवाही का परिणाम थीं, जबकि 8 लोगों ने ट्रैक पर आत्महत्या की है। इस वर्ष कुछ हादसे इतने दर्दनाक थे कि उन्होंने पूरे इलाके को हिलाकर रख दिया। हाल ही में 11 दिसंबर को छोटूराम नगर फाटक के पास मध्यप्रदेश के दो युवकों शिवम और आकाश की उस समय जान चली गई जब वे ट्रैक पर रील बना रहे थे। इससे पहले 21 अक्टूबर को इसी फाटक के पास टहलने निकले दो प्रवासी युवक राजाराम और सन्नी ट्रेन की चपेट में आ गए थे। वहीं, 28 जुलाई की रात को हुए एक हादसे में एक युवक की मौत इतनी वीभत्स थी कि उसके शव के अवशेष कई किलोमीटर तक ट्रैक पर बिखर गए।


बहादुरगढ़। एक हादसे के बाद रेलवे ट्रैक पर जुटी भीड़। फोटो : हरिभूमि

### 2022 में गई थी 102 की जान

जीआरपी द्वारा चलाए जा रहे निरंतर जागरुकता अभियानों के कारण रेलवे ट्रैक पर होने वाली मौतों की संख्या में साल-दर-साल कमी देखी जा रही है। जहां वर्ष 2022 में 102 लोगों की जान गई थी, वहीं 2023 में यह संख्या घटकर 98 और 2024 में 87 रह गई। इस साल अब तक यह आंकड़ा 65 पर है। यह दर्शाता है कि जागरूकता के प्रयास रंग ला रहे हैं, लेकिन पूर्ण सुरक्षा के लिए नागरिक सहयोग अनिवार्य है। बहादुरगढ़ से रोजाना करीब 150 से अधिक एक्सप्रेस और मालगाड़ियां गुजरती हैं। रेलवे ने सुरक्षित आवाजाही के लिए फुटओवर ब्रिज, अंडरपास और फ्लाईओवर की व्यवस्था की है, लेकिन जल्दबाजी में लोग अपनी जान जोखिम में डालते हैं। पुलिस अधिकारियों ने अपील की है कि नागरिक अपने जीवन की कीमत समझें व हमेशा निर्धारित सुरक्षित रास्तों का ही उपयोग करें।


झज्जर। ओलंपियाड के लिए रजिस्ट्रेशन कराते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### संस्कारम् में ऑल इंडिया ओलंपियाड 28 को

झज्जर। संस्कारम पब्लिक स्कूल खातीवास में आगामी 28 दिसंबर को 10वें ऑल इंडिया ओलंपियाड का आयोजन किया जाएगा। संस्कारम ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने बताया कि इस ओलंपियाड के लिए अब तक छह हजार से अधिक विद्यार्थी पंजीकरण करा चुके हैं। तीसरी से दसवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए गणित, विज्ञान, अंग्रेजी और रीजनिंग पर आधारित ओलिंपियाड परीक्षा आयोजित होगी, जबकि नन्हे बच्चों के लिए आयोजित विजिनरी वर्टेक्स प्रतियोगिता में नर्सरी से दूसरी कक्षा तक के बच्चे कविता पाठ, कहानी सुनाना, आर्ट एंड क्राफ्ट और मानसिक योग्यता जैसी स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि यह आयोजन क्षेत्र की उभरती प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने का एक सुनहरा अवसर प्रदान करेगा। प्रतियोगिता के विजेताओं के लिए स्कूटी, लैपटॉप, किंडल और साइकिल जैसे शानदार पुरस्कार रखे गए हैं। इसके अलावा 500 से अधिक अन्य मेधावी विद्यार्थियों को विशेष उपहार दिए जाएंगे।

***स्कॉलरशिप परिणामों की होगी घोषणा :*** चेयरमैन डॉक्टर महीपाल ने बताया कि संस्कारम पब्लिक स्कूल क्षेत्र की पहली ऐसी संस्था है जो अपने स्कूल के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए विशेष स्कॉलरशिप पैटर्न लेकर आई है। इसी कड़ी में बीती 30 नवंबर को आयोजित की गई स्कॉलरशिप परीक्षा के परिणामों की घोषणा भी 28 दिसंबर को ही की जाएगी। उत्तीर्ण विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप का सीधा लाभ मिलेगा, जिससे उनका मनोबल और आत्मविश्वास बढ़ेगा। इसके अलावा क्लैट परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले सात होनहार विद्यार्थियों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा।

## शिशु बाल मंदिर बेरी में महाराजा सूरजमल बलिदान दिवस पर पुष्पांजलि समारोह

# भारतीय संस्कृति के युगवाहक महायोद्धा थे महाराजा सूरजमल : आर्यन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

महाराजा सूरजमल भारतीय संस्कृति के युगवाहक और महान योद्धा थे। उनकी न्यायप्रियता और प्रशासन शैली अनुकरणीय थी। वे भारतीय जनमानस और शोषित वंचितों के असली संरक्षक थे। यह बात शिशु बाल मंदिर बेरी में आयोजित महाराजा सूरजमल बलिदान दिवस पर आयोजित पुष्पांजलि समारोह को संबोधित करते हुए दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ के प्रधान आर्यन मान ने कही। उन्होंने कहा कि महाराजा सूरजमल छुआछूत मुक्त शासन से भारत की जनता की सेवा की थी। उन्होंने महिला उत्थान के मिशन को प्राथमिकता देकर नारी को पूजनीय व वंदनीय बनाया। नारी सम्मान के युगपुरूषों में उनका नाम आदर से लिया जाएगा। वे पराक्रमी के साथ-साथ सत्कर्मी राजा के रूप में पूजे जाएंगे। वे भारतीय इतिहास के अपराजित महायोद्धा थे। जिन्होंने शस्त्र व शास्त्र के जनहित प्रयोग की शासन व्यवस्था कायम की थी। इस दौरान नपा चेयरमैन देवेंद्र कादियान, धर्मदास जटेलाधाम, मास्टर जबर कादियान, हेडमास्टर अशीष कादियान, सीमा दहिया, डॉक्टर सुमित्रा धनखड़, सतीश कबलाना, कुलदीप वशिष्ठ, राजबीर आचार्य सहित अन्य भी मौजूद रहे।


झज्जर। कार्यक्रम के दौरान आर्यन मान को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए प्रबुद्धजन। फोटो : हरिभूमि

### छिल्लर ने किया महाराजा सूरजमल को याद

बहादुरगढ़। वीरवार को शहर के मोहन नगर में आयोजित एक कार्यक्रम में एडवोकेट विक्रम सिंह छिल्लर ने महाराजा सूरजमल के बलिदान को नमन किया। महाराजा सूरजमल अपनी नीतियों और सिद्धांतों पर अडिग रहे। इसीलिए उन्हें कोई हरा या झुका नहीं पाया। उनका बलिदान हमें संघर्ष, साहस और आत्मसम्मान की अमर प्रेरणा देता है।

### महाराजा सूरजमल को किया नमन

बहादुरगढ़। महाराजा सूरजमल के बलिदान दिवस पर सराय औरंगाबाद की चौपाल में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने मिलकर सभा का आयोजन किया। सभी ने महाराजा सूरजमल को नमन करते हुए राष्ट्र सेवा का संकल्प लिया। सनातन संस्कृति रक्षा दल के ब्लॉक अध्यक्ष नवीन राठी ने बताया गौरक्षक महाराजा सूरजमल मुगल, अंग्रेज सेना से कभी नहीं हारे। वह सदा अजय और अभय रहे। हमें बच्चों, युवाओं को महाराजा सूरजमल के शौर्य के बारे में बताना चाहिए।